अहिंसा दर्शन

रजनीश के प्रणाम

आचार्य श्री रजनीश

परम साधक, महान तत्त्वचिंतक, क्रान्तदृष्टा और आध्यात्मिक अनुभूति-संपन्न विभूति है।

युग और क्षण के प्रति सजग यह नवयुग का दृष्टा, युग की गलनशीलता से हताश न होकर इस काल के बीच, युग के मानव के व्यक्तिगत उद्धार की प्रतीक्षा अविचल धैर्य से करने जा रहा है।

मैं जैसा हूँ और जो हूँ...... उसे सारी आत्मप्रवंचनाओं को तोडकर, पूरी नग्नता (Nakedness) में जानना आवश्यक है, क्योंकि उसके बाद ही जीवन साधना की किसी वास्तविक दिशा में चरण उठाये जा सकते हैं। स्वयं के सम्बन्ध में असत्य धारणायें......स्वयं के अभिनय-व्यक्तित्व को वास्तविक समझने की भ्राँति के रहते...... मनुष्य सत्य के जगत में प्रवेश नहीं कर सकता है। इसके पूर्व कि हम परमात्माको जानें, या कि स्व सत्ता को, या कि सत्य को . . . . हमें उस काल्पनिक व्यक्ति को अग्निसात करही देना होगा जो कि हमने स्वयं अपने ऊपर ओढ लिया है। यह धोखे की खाल, हमें नाटकीय जीवन के ऊपर जो वास्तविक जीवन है, उस तक नहीं उठने देती है। सत्य में चलना है तो इस नाटक से जागना आवश्यक है।

क्या आपको कभी ऐसा नहीं लगता है कि आप एक नाटक कर रहे हैं ? क्या कभी ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि आप भीतर कुछ हैं, और बाहर कुछ हैं? क्या किसी अमूर्च्छित क्षण में इस वंचना का बोध आपको पीडा नहीं देता है ? यदि आपमें इस संबंधमें प्रश्न उठता है और पीडा उठती है तो वही संभावना है जो आपको नाटक के बाहर ले जा सकती है...... रंगमंच से उस पृष्ठ भूमि में जहाँ आप किसी अभिनय के पात्र नहीं, बल्कि स्वयं आप हैं।

—आचार्य श्री रजनीश

अहिंसा दर्शन

आचार्य श्री रजनीश

प्रकाशक :

रमणलाल सी. शाह

जीवन जागृति केन्द्र

५०५, कालबादेवी रोड

बंबई नं. २.

☆

द्वितिय आवृत्ति, प्रत ३०००

ओगस्ट १९६६

☆

किंमत ४० पैसा

☆

मुद्रक :

धीरुभाई जे. देसाई

स्टेटस पीपल प्रेस,

जन्मभूमि भवन, घोगा स्ट्रीट,

बंबई नं. १.

अहिंसा दर्शन :

आचार्य श्री रजनीश

मैं आपकी आंखों में झांकता हूं। एक पीड़ा, एक घना दुख, एक गहरा संताप वहां मुझे दिखाई देते है। जीवन के प्रकाश और उत्फुल्लता को नहीं, वहां मैं जीवन विरोधी अंधेरे और निराशा को घिरता हुआ अनुभव करता हूं। व्यक्तित्व के संगीत का नहीं, स्वरों की एक विषाद भरी अराजकता का वहां दर्शन होता है। सब सौन्दर्य, सब लययुक्तता, सब अनुपात खंडित हो गये हैं। हम अपने को व्यक्ति कहें, शायद यह भी ठीक नहीं है। व्यक्ति होने के लिये एक केन्द्र चाहिये, एक सुनिश्चित संगठन चाहिये, वह नहीं है। उस व्यक्तित्व संगठन और केन्द्रोतता के अभाव में हम केवल अराजकता में हैं।

मनुष्य टूट गया है। उसके भीतर कुछ बहुमूल्य खो गया और खंडित हो गया है। हम किसी एकता के जैसे खंडहर और अवशेष हैं। वह एकता महावीर में, बुद्ध में, क्राइस्ट में परिलक्षित होती है। वे व्यक्ति हैं, क्योंकि वे स्वरों की अराजक भीड नहीं, संगीत हैं, क्योंकि वे स्वविरोध से भरी अंधी दौड नहीं, एक सुनिश्चित गति और दिशा हैं।

जीवन अपने केन्द्र और दिशा को पाकर आनन्द में परिक्षिण हो जाता है। व्यक्तित्व को और उसमें अंतर्निहित समस्वरता को उपलब्ध कर लेना, वास्तविक जीवन के द्वार खोलना है। उसके पूर्व जीवन एक वास्तविकता नहीं केवल एक संभावना है। एक भविष्य है।

मनुष्य के व्यक्तित्व विघटन की यह दुर्घटना सारे जगत् में घटी है। हम अपने ही से विच्छिन्न और पृथक हो गये हैं। यह एक ऐसा वृत्त हैं, जिसका केन्द्र खो गया है और केवल परिधि ही शेष रह गई है। जीवन की परिधि पर दौड रहे है, दौडते रहेंगे और फिर गिर जायेंगे और एक क्षण को भी उसे नहीं जानेंगे जिसे विश्रांति कहते हैं। तेलघानी में कोल्हू के बैलों जैसी हमारी गति हो गई है।

जीवन परिधि ही नहीं है, केन्द्र भी है, यह जाने बिना सब प्रयास, सब गति अंततः व्यर्थ और निस्सार हो जाती हैं। उसके ज्ञान के अभाव में श्रम की सब धारायें दुख के सागर में ले जाती हैं। जीवन की परिधि पर तो केवल क्रियायें हैं, सत्ता तो वहां नहीं है। मैं, मेरा अस्तित्व, मेरा होना तो वहां नहीं है। मैं अपनी प्रमाणिक सत्ता में तो उस तल पर अनुपस्थित हूं। क्रिया के तल पर मुझे नहीं पाया जा सकता है। उससे कहीं और गहरे और गहराईयों में उसे पाया जा सकता है, जो मैं हूं। इस गहराई को जाने बिना, इस आत्यंतिक रूप

से आंतरिक से संबंधित हुये बिना, जीवन एक भटकाव है, एक बोझिल यात्रा है। इस स्वसे, इस सत्ता से सम्बन्धित हुये बिना जीवन एक आनन्द यात्रा में परिणित नहीं होता है।

मैं एक उखडे हुये वृक्ष का स्मरण करता हूं। जब भी मनुष्य के सम्बन्ध में सोचता हूं, यह अनायास ही स्मृति में उभर आता है। न जाने क्यों मैं मनुष्य को वृक्ष से भिन्न नहीं समझ पाता हूं। शायद, जडों के कारण ही यह समता चित्त में घिर गई है। व्यक्ति अपने सत्ता केन्द्र से टूट जाय तो उखडे वृक्ष की भांती हो जाता हैं। स्वरुप से जो वियुक्त है, वह सत्ता से जडें खो रहा है, कैसा आश्चर्य है कि हम स्वयं से ही अपरिचित होते जा रहे हैं? जैसे वह दिशा जानने की ही नहीं है? जैसे वह कोई दिशा हा नहीं है? यदि भूल चूक से कोई अपने से मिल जाये, यदि अनायास कहीं स्वयं से साक्षात् हो जावे, तो जिससे मिलन हुआ है, उसे देख आवाक हो रह जाना पडेगा, पहचानना तो किसी भी तरह संभव नहीं है। स्व से, स्वभाव से हमारी जडें उखड गई हैं। हम हैं, पर स्वयं में नहीं. सबसे परिचित हैं, पर स्वयं से अनजान और अजनबी हो गये हैं। बाहर ज्ञान बढा है, भीतर अज्ञान घना हो गया है। दिये के तले अंधेरा होने की बात बहुत सच हो गई है। शक्ति आई है शांति विलीन हो गई है। विस्तार हुआ है, गहराई नहीं आई है। असंतुलन और पक्षघात से घिर गये हैं,

जैसे कोई वृक्ष बाहर विस्तृत हो पर भीतर उसकी जड़ें सडने लगी हों, ऐसा ही मनुष्य के साथ हुआ है। इससे दुख, विषाद और संताप पैदा हुआ है, निराशा और आसन्न मृत्यु की कालिमा बनी हुई है, जैसे किसी भी वृक्ष की भूमि से जड़ें ढीली होने पर होती है, मनुष्य की भी जड़ें हैं और उसकी भी भूमि है। इस सत्य को पुनर्उद्घोषित करने की आवश्यकता है। यह अत्यन्त आधारित सत्य विस्मृत हो गया है। इस विस्मृति के कारण हम क्रमशः अपनी जड़ें अपने हाथों खो रहे हैं। एक सतत आत्मघात में हम लगे हैं। यह जड़ों को खोना हमें निरंतर गहरे से गहरे दुख, विषाद और मृत्यु में ले जा रहा है।

व्यक्ति व्यक्ति को मैं दुख से घिरा देखता हूँ और यह स्मरणीय है कि जब एक व्यक्ति दुखी होता है, तो वह अनेकों के दुख का कारण बन जाता है। मैं यदि दुखी हूँ तो अनिवार्यतः दूसरों के दुख का कारण बन जाऊंगा। जो मैं हूँ, वही मेरे सम्बन्धों में व्याप्त हो जाता है। यह स्वाभाविक ही है। क्योंकि, अपने सम्बन्धों में मैं स्वयं को ही तो डालता और उडेलता हूँ, अन्यथा संभव नहीं है। मेरे सम्बंध मेरे ही प्रतिरूप और मेरे ही स्वर हैं। उनमें मैं हीं प्रतिबिम्बित और प्रतिध्वनित हूँ। मैं ही उनमें उपस्थित हूँ। इससे यदि मैं दुखी हूँ, दुख हूँ, तो दुख ही मुझसे प्रवाहित और प्रसारित

होगा। सरोवर में जैसे लहर वृत्त एक छोटे से केन्द्र पर उठकर दूर दूर व्यापी हो जाते हैं, ऐसे ही मेरे व्यक्ति केन्द्र पर जो संवृत्त जाग जाते हैं, वे मुझ तक ही सीमित नहीं रहते हैं, उनकी प्रतिध्वनियां दूर दिगन्त तक सुनी जाती हैं। व्यक्ति में जो घटित होता है, वह बहुत शीघ्र अनन्त में परिव्याप्त हो जाता है। व्यक्ति और विराट के बीच प्रस्तुतः सीमायें नहीं हैं। वे अनन्त मार्गों से संबंधित और अन्तः संवादित हैं।

मैं दुख हूँ, तो मैं दुख देने वाला हूँ। न चाहूँ, तब भी प्रतिक्षण मुझसे वह प्रवाहित हो रहा है। वह विवशता है। क्योंकि जो मेरे पास है, वही तो मैं दे सकता हूँ। जो मेरे स्वयं के ही पास नहीं है, उसे चाहकर भी तो नहीं दिया जा सकता है। संबंधों में हम आकांक्षाओं को नहीं, अपने को ही देते हैं। शुभ आकांक्षायें ही नहीं, मेरा शुभ होना आवश्यक है। मंगल कामनायें ही नहीं, मेरा मंगल होना आवश्यक है। स्वप्न नहीं सत्ता ली दी जाती है। इससे कितने ही लोग चाहकर भी न किसी को आनन्द, न शांति, न प्रेम ही दे पाते हैं। उनकी शुभाकांक्षा में असंदिग्ध हैं, पर उतना ही पर्याप्त नहीं है। उनके स्वप्न सच ही सुंदर हैं, पर सत्ता के जगत् में उनका प्रभाव पानी पर खींची गई रेखाओं से ज्यादा नहीं है। उनसे काव्य तो बन सकता है, पर जीवन अस्पर्शित रह जाता है। हम देना चाहते हैं आनन्द. और कौन नहीं देना

चाहता है ? पर दे पाते हैं, दुख और विषाद। देना चाहते हैं, प्रेम और जो दे पाते हैं, उसमें कहीं दूर भी प्रेम की ध्वनि नहीं सुनाई पड़ती है और तब कैसी एक रिक्तता, कैसी एक असफलता, कैसी एक व्यर्थता अनुभव होती है ? कैसा सब हारा हुआ और पराजित लगता है। पराजय के इन क्षणों में सब दिशा सूत्र खो जाते हैं, सब प्रयोजनवत्ता खो जाती है, सब अर्थ खो जाता है। शेष रह जाता है, एक अवषाद और अकेलापन, जैसे हम जगत् में अकेले ही छूट गये हों। इन क्षणों में अपनी असमर्थता और असहायावस्था दीखती है।

शुभाकांक्षाओं के, स्वप्नों के अनुकूल परिणाम नहीं आते हैं, क्योंकि सत्ता उनके प्रतिकूल होती है। इससे जीवन सरिता सार्थकता और कृतार्थता के सागर तक पहुँचती ही नहीं, व्यर्थता और अतृप्ति के मरुथल में विलीन और अपशोषित होती मालुम होती है। अर्थहीनता-बोध की इस मनः स्थिति में यदि थोड़ी सी भी अमूर्च्छा हो, तो एक अत्यंत बद्धमूल भ्रम भंग हो सकता है और उस भ्रमभंगता के आलोक में व्यक्ति जीवन के एक आधार भूत सत्य के प्रति जाग सकता है। उस विद्युत आलोक में दीख सकता है कि जीवन की अंतस् सत्ता से अर्थहीनता पैदा नहीं होती है। अर्थहीनता पैदा होती है इस भ्रांत धारणा से कि जो स्वयं के पास ही नहीं है, उसे भी किसी को दिया जा सकता है। इस अज्ञान से कि जो

सुगन्ध मुझ में ही नहीं है, वह भी सम्प्रेषित की जा सकती है, यह अज्ञान बहुत मूल व्यापी है। प्रेम शून्य प्रेम देना चाहते हैं। आनन्द रिक्त आनन्द वितरित करना चाहते हैं, दरिद्र समृद्धि दान करने के स्वप्नों से पीड़ित और आंदोलित होते हैं।

मैं देखता हूँ कि जो स्वयं के पास नहीं है, उसे दिया भी नहीं जा सकता है। इसे सिद्ध करने को किसी तर्क और प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। यह तो सूरज की भांति साफ और स्पष्ट है, शायद सूरज से भी ज्यादा स्पष्ट है, क्योंकि आंखें न हों तब भी तो इसे देखा जा सकता है। किन्तु, यह सिक्के का एक ही पहलू है। एक दूसरा पहलू भी है। वह तो और भी आंखों से ओझल हो गया है। कभी कभी कितना आश्चर्य होता है कि जो इतना निकट और इतना सहज जानने योग्य है, वह भी हमें विस्मृत हो जाता है। शायद, जो बहुत स्पष्ट और बहुत निकट होता है, वह निकटता की अति के कारण ही दीखना बंद हो जाता है।

दूसरा पहलू यह है कि जो स्वयं के पास नहीं है, उसे किसी से लिया भी नहीं जा सकता। जो स्वयं में नहीं है, उसे देना तो संभव है ही नहीं, लेना भी संभव नहीं है। जो भी अन्य से पाया जा सकता है वह पाने के पूर्व स्वयं में उपस्थित होना चाहिये, तो ही उसके प्रति संवेदनशीलता और ग्रहणशीलता होती है। मैं जो हूँ, उसे ही स्वीकार कर पाता

हूँ, उसके ही मुझमें द्वार और उसे आकर्षित करने की क्षमता होती है। हम देखते हैं कि एक ही भूमि से कैसे भिन्न-भिन्न पौधे, भिन्न-भिन्न रूप, रंग और गंध आकर्षित कर लेते हैं। उनमें जो है, वही उनमें चला भी आता है। वे जो हैं, वही वे पा भी लेते हैं। यही नियम है। यही शाश्वत व्यवस्था है। प्रेम पाने को, प्रेम से भरे होना आवश्यक है। जो घृणा से भरा है, वह घृणा को ही आमंत्रित करता है। विष से जिससे अपने को भर रखा है, सारे जगत् का विष उसकी ओर प्रवाहमान हो जाता है। समान समान को, सजातीय सजातीय को पुकारता और उसका प्यासा होता है। अमृत को जो चाहता हो, उसे अमृत से भर जाना होता हैं। प्रभु को जो चाहता है, उसे अपने प्रभु को जगा लेना होता है। जो चाहते हो, वही हो जाओ। जिससे मिलना चाहते हो, वही बन जाओ। आनन्द को पकड़ने के लिये आनन्द में होना आवश्यक है, आनन्द ही होना आवश्यक है। आनन्द ही आनन्द का स्वागत और स्वीकार कर पाता है। क्या देखते नहीं हैं कि दुखी चित्त ऐसी जगह भी दुख खोज लेता है, जहां दुख है ही नहीं? पीड़ित पीड़ा खोज लेता है, उदास उदासी खोज लेता है, वस्तुतः वे जिसके प्रति संवेदनशील हैं, उसका ही चयन कर लेते हैं। जो भीतर है, उसका चयन भी होता है, और उसी का प्रक्षेपण आरोपण भी होता है। हम जो हैं,

उसी को खोज भी लेते हैं। जगत्, जगत् की स्थितियां दर्पण हैं, जिसमें हम अनेक कोणों से, अनेक रूपों में अपने ही दर्शन कर लेते हैं।

मैं जो देता हूँ, वह भी मैं ही हूँ। मैं जो लेता हूँ, वह भी मैं ही हूँ। मैं के अतिरिक्त मेरी कोई सत्ता, कोई अनुभूति नहीं है। उसके बाहर जाना संभव नहीं है। वही संसार है, वही मोक्ष है। वही दुख है, वही आनन्द है। वही हिन्सा है, वही अहिन्सा है। वही विष हैं, वही अमृत है।

एक मंदिर के द्वार पर हुये विवाद का स्मरण आता है। सुबह की हवाओं में मंदिर की पताका लहरा रही थी। सूरज के स्वर्ण प्रकाश में आंदोलित उस पताका को देखकर दो भिक्षुओं में विवाद हो रहा था कि आंदोलन पताका में हो रहा था कि हवाओं में हो रहा था? किसी निकट से निकलते हुये तीसरे भिक्षु ने कहा था: मित्र, आंदोलन मन में हो रहा है।

सच ही, सब आंदोलन मन में हो रहा है और मन का हो रहा है।

मैं यदि भूलता नहीं हूँ, तो महावीर ने कहा है: यह आत्मा ही शत्रु है, यह आत्मा ही मित्र है।

आत्मा की शुद्ध परिणति अहिन्सा है, आत्मा की अशुद्ध परिणति हिन्सा है। वह व्यवहार की नहीं, मूलतः सत्व की

सूचना है। व्यवहार शुद्धि का बहुत विचार चलता है। मैं जैसा देखता हूं, वह पकड और पहुच उल्टी है। व्यवहार नहीं, सत्वशुद्धि करनी होती है। व्यवहार तो अपने से बदल जाता है। वह तो सत्व का अनुगामी है। ज्ञान परिवर्तित हो तो आचार परिवर्तित हो जाता है। ज्ञान ही आधार और केन्द्रीय हैं। व्यवहार उसी का प्रकाशन है। वह प्राण हैं, आचार उसका स्पंदन है। साक्रेटीज का वचन है: 'ज्ञान ही चरित्र है'। ज्ञान से अर्थ जानकारी और पांडित्य का नहीं है। ज्ञान से अर्थ है : प्रज्ञा का, सत्व का, सत्ता के साक्षात् से उत्पन्न बोध का। यह बोध, यह जागरूकता, प्रज्ञा ही क्रांति है। तथाकथित, विचार संग्रह से उत्पन्न ज्ञान इस क्रांति को लाने म असमर्थ होता है। क्योंकि वस्तुतः वह ज्ञान ही नहीं है। वह नगद और स्वयं का नहीं है। वह है उधार, वह है अन्य की अनुभूति से निष्पन्न और इस कारण मृत और निष्प्राण है। आत्मानुभूति हस्तांतरित होने में मृत हो जाती है। उसे जीवित और सप्राण हस्तांतरित करने का कोई उपाय नहीं है। सत्य नहीं, केवल शब्द ही पहुंच पाते हैं। इन शब्दों पर ही आधारित जो ज्ञान है, वह बोझ तो बढा सकता है. मुक्ति उससे नहीं आती है।

मैं जिस ज्ञान को क्रांति कह रहा हूं, वह पर से संग्रहीत नहीं, स्व से जागृत होता है। उसे लाना नहीं, जगाना है।

उसका स्वयं में आविष्कार करना है। उसके जागरण पर आचार साधना नहीं, होता है, वह आता है, जैसे हमारे पीछे हमारी छाया आती है। आगम इसी ज्ञान को ध्यान में रखकर कहते हैं: पढमं नाणं, तओ दया। पहले ज्ञान है, तब अहिन्सा है, तब आचरण है।

यह केन्द्र के परिवर्तन से परिधि को परिवर्तित करने की विधि है। यही सम्यक् विधि है इसके विपरीत जो चलता है, वह बहुत मौलिक भूल में है। वह निष्प्राण से प्राण को परिवर्तित करने चला है, वह क्षुद्र से महत् को परिवर्तित करने चला है, वह शाखाओं से मूल को परिवर्तित करने चला है। ऐसे व्यक्ति ने अपनी असफलता के बीज प्रारंभ से ही बो लिये हैं।

यह स्वर्ण सूत्र स्मरण रहे कि आचार से सता परिवर्तित नहीं होती है, सत्ता से ही आचार परिवर्तित होता है। सम्यक् ज्ञान, सम्यक् आचार का मूलाधार है। इससे ही हरिभद्र यह कह सके हैं: आत्मा अहिन्सा है और आत्मा ही हिन्सा, क्योंकि आत्मा को अप्रमत्तता से ही अहिन्सा फलित होती है और प्रमत्तता से हिन्सा। आया चेव अहिन्सा, आया हिंसति निच्छओ ऐस, जो होई अप्पमत्तो, अहिंसओ हिंसओ इयरो।

मैं यदि आत्म जाग्रत, अप्रमत्त, अमूर्च्छित हूं, तो मेरा जो व्यवहार है, वह अहिन्सा है।

मैं यदि स्व स्थित हूं, स्थितिप्रज्ञ हूं, ब्रम्हनिम्मजित हूं, तो जीवन परिधि पर मेरा जो परिणमन है, वह अहिन्सा है।

अहिन्सा प्रवुद्ध चेतना की जगत्तल पर अभिव्यंजना है।

अहिन्सा आनन्द में प्रतिष्ठित चैतन्य का आनन्द प्रकाशन है। दिये से जैसे प्रकाश झरता है, ऐसे ही आनन्द को उपलब्ध चेतना से अहिन्सा प्रकीर्णित होती है। वह प्रकाशन किसी के निमित्त नहीं है किसी के लिये नहीं है। वह सहज है और स्वयं है। वह आनन्द का स्वभाव है।

एक साधु के जीवन में मैंने पढा है। किसी ने उससे कहा था: शैतान को घृणा करनी चाहिये, तो उसने कहा था: यह तो बहुत कठिण है, क्योंकि घृणा तो अब मेरे भीतर है ही नहीं। अब तो केवल प्रेम है, चाहे शैतान हो चाहे ईश्वर। उसके सिवाय देने को अब मेरे पास कुछ भी नहीं है। मैं तो उन दोनों में शायद अन्तर भी नहीं कर पाऊंगा, क्योंकि प्रेम की आंख कब अंतर कर पाई है?

यह जब मैं सुनता हूं कि दूसरों पर दया करना अहिन्सा है, तो सच ही मुझे बहुत हैरानी होती है। अहंकार कैसे कैसे मार्ग अपनी तृप्ति के निकाल लेता है। उसकी आविष्कार क्षमता अद्‌भुत है। अहिंसा का वस्तुतः किसी से कोई संबंध नहीं है। वह आत्म उद्‌भूत प्रकाश है, जिन पर वह पडता है उन्हें जरूर प्रेम और करुणा का अनुभव हो सकता है, लेकिन उस दृष्टि से वह चेष्टित नहीं है।

यह भी सुनता हूं कि अहिंसा करनी चाहिये, जैसे वह भी कोई क्रिया है, जो कि की और न की जाती है। [कभी कभी सुन्दर दिखने वाले उपदेश कितने व्यर्थ और अज्ञानपूर्ण हो सकते हैं, ऐजी बातें सुनकर उनका पता चलता है। प्रेम क्रिया नहीं है, वह सत्ता की एक स्थिति है। प्रेम किया नहीं जाता है, प्रेम में हुआ जाता है। वह सम्बन्ध नहीं, सद्‌भाव है।

यह बोध भी हो कि मैं प्रेम कर रहा हूँ, तो वह प्रेम नहीं है। प्रेम या आनंद जब स्वभाव होते हैं, तो उनकी उपस्थिति का अनुभव कि मैं प्रेम कर रहा हूँ, क्रिया और सत्ता में भेद का सूचक है। वह भेद यदि उपस्थित है, तो प्रेम चेष्टित है, सत्ता निष्पन्न नहीं है, और वैसा प्रेम प्रेम नहीं है। प्रेम जब संपूर्ण सत्ता से, संपूर्ण व्यक्तित्व से आविर्भूत होता है, तो उसके पीछे उसे जाननेवाला कोई नहीं रह जाता है। कोई प्रेम करनेवाला नहीं होता है, केवल प्रेम ही होता है।

मैं अहिंसा से प्रेम का अर्थ लेता हूँ। वह प्रेम की शुद्ध और पूर्ण अनुभूति है। प्रेम में जो किसी से संबंधित होने का भाव है, उस भाव के दूर करने के हेतु ही अहिंसा के नकारात्मक शब्द का प्रयोग होता रहा है। उस नकारात्मकता में प्रेमका निषेध नहीं है निषेध है केवल प्रेम के एक संबंध होने का। प्रेम संबंध नहीं, स्थिति है, इस सत्य पर जोर देने के लिए अहिंसा शब्द

का प्रयोग हुआ है । पर जो उसे प्रेम का ही अभाव समझ लेते हैं, वे बहुत बडी भूल कर लेते हैं। वह प्रेम का अभाव नहीं है, केवल उनका अभाव है, जो प्रेम को परिपूर्ण और परिशुद्ध नहीं होने देते हैं। वह उन तत्वों का अभाव अवश्य है, जो उसे सम्बंध की स्थिति से सत्ता की स्थिति तक नहीं उठने देते हैं। वह राग, विराग, आसक्ति, विरक्ति का अभाव है। इन बंधनों से ऊपर उठकर प्रेम वीतराग हो जाता है।

मैं वीतराग प्रेम को ही अहिंसा कहता हूँ ।

अहिंसा प्रेम है, और इसलिये वह नकारात्मक नहीं है, अहिंसा शब्द नकारात्मक है, पर अहिंसा नकारात्मक नहीं है। वह भाव स्थिति अत्यन्त विधायक है। उससे अधिक विधायक और कुछ भी नहीं हो सकता है। प्रेम से अधिक जीवंत और विधायक और हो भी क्या सकता है ?

प्रेम अभाव यह हिंसा ही नकारात्मक है, क्योंकि वह स्वभाव विरोध है। मैं अपने प्रति अप्रेम, हिंसा नहीं चाहता हूँ, और कोई भी नहीं चाहता है। प्रत्येक, प्रेम का प्यासा क्यों है ? अप्रेम की प्यास क्यों किसी को नहीं है ?

मैं अनुभव करता हूँ कि हम केवल स्वरूप को ही चाहते और चाह सकते हैं। और, यदि हम अपनी चाह को समझ लें, तो उस चाह में ही हम स्वरूप की ओर छिपे इंगित पा सकते हैं।

मैं प्रेम चाहता हूँ, अर्थात् मेरा स्वरूप प्रेम है।

मैं आनन्द चाहता हूँ, अर्थात् मेरा स्वरूप आनन्द है।

मैं अमृत्व चाहता हूँ, अर्थात् मेरा स्वरूप अमृत है।

मैं प्रभुत्व चाहता हूँ, अर्थात् मेरा स्वरूप प्रभु है।

और, स्मरण रखना है कि जो मैं चाहता हूँ, वही प्रत्येक चाहता है। हमारी चाहें कितनी समान हैं, और तब क्या हमारी समान चाहें, हमारे समान स्वरूप की उद्घोषणा नहीं है।

'मैं' और 'न मैं' में जो बैठा है, वह भिन्न नहीं है। इस अभिन्न चेतना की आकांक्षा अप्रेम, हिंसा के लिये नहीं है। इसलिये मैंने कहा कि हिंसा नकारात्मक है, क्योंकि वह स्वभाव विरोध है।

और जो नकारात्मक होता है, वह विध्वंशात्मक होता ह। अप्रेम विध्वंश शक्ति है। वह मृत्यु की सेविका है। उस दिशा से चलनेवाला निरंतर गहरे से गहरे विध्वंश और मृत्यु और अंधेरे में उतरता जाता है। वह मृत्यु है, क्योंकि वह स्वरूप विपरीत आयाम है।

अहिंसा जीवन की घोषणा है। प्रेम ही जीवन है।

अहिंसा शब्द में हिंसा की निषेधात्मकता का निषेध है, और मैंने सुना है कि निषेध के निषेध से विधायकता फलित होती है, शायद अहिंसा शब्द में उसी विधायकता की ओर

संकेत है। फिर, शब्द की खोटी तो निस्सार है। शब्द की राख के पीछे जो जीवित आग छिपी है, उसे ही जानना है। वह आग प्रेम की है। और, प्रेम सृजन है। अप्रेम को मैंने विध्वंश कहा है, प्रेम को सृजन कहता हूँ। जीवन में प्रेम ही सृजन का स्रोत है। विधायकता और सृजनात्मकता के चरम स्रोत और अभिव्यक्ति के कारण ही क्राइस्ट प्रेम को परमात्मा या परमात्मा को प्रेम कह सके हैं। सच ही सृजनात्मकता के लिये प्रेम से अधिक श्रेष्ठ और ज्यादा अभिव्यंजक अभिव्यक्ति खोजनी कठिन है।

मैं देखता हूँ कि यदि अहिंसा की यह विधायकता और स्व-सत्ता दृष्टि में न हो, तो वह केवल हिंसा का निषेध होकर रह जाती है। हिंसा न करना ही अहिंसा नहीं है, अहिंसा उससे बहुत ज्यादा है। शत्रुता का न होना ही प्रेम नहीं है, प्रेम उससे बहुत ज्यादा है। यह भेद स्मरण न रहे तो अहिंसा उपलब्धि केवल हिंसा निषेध और हिंसा त्याग में परिणित हो जाती है। इसके परिणाम घातक होते हैं। नकार और निषेध की दृष्टि जीवन को विस्तार नहीं, संकोच देती है। उससे विकास और मुक्ति नहीं, कुन्ठा और बन्धन फलित होते हैं। व्यक्ति फैलता नहीं, सिकुड़ने लगता है। वह विराट जीवन ब्रह्म में विस्तृत नहीं, क्षुद्र में और अहम् में सीमित होने लगता है। वह सरिता बनकर सागर तक पहुंच जाता,

लेकिन सरोवर बन सूखने लगता है। अहिंसा को जगाना सरिता बनना है, केवल हिंसा त्याग में उलझ जाना सरोवर बन जाना है। नकार की साधना श्री और सौंदर्य और पूर्णता में नहीं, कुरूपता और विकृत में ले जाती है। वह मार्ग छोड़ने का है, पाने का और भर जाने का नहीं, जैसे कोई स्वास्थ्य का साधक मात्र बीमारियों से बचने को ही स्वास्थ्य साधना समझ ले, ऐसी ही भूल वह भी है। स्वास्थ्य बीमारी का अभाव ही नहीं, प्राण शक्ति का जागरण है। वह प्राण की प्रसुप्त और बीज शक्ति का जागना और वास्तविक बनना है। बीमारी से बचाव तो मुर्दों का भी हो सकता है, लेकिन उन्हें स्वास्थ्य नहीं दिया जा सकता है। बीमारियों से बच बच कर कोई अपने को जिलाये रख सकता है, लेकिन स्वास्थ्य और जीवन को पाना बहुत दूसरी बात है।

धर्म साधना में भी स्वास्थ्य साधना के इस विज्ञान को याद रखना अत्याधिक उपादेय है। एक साधु, एक आश्रम में अतिथि था। उसके स्वागत में एक समारोह आयोजित था। उस आश्रम के कुलपति ने अपने आश्रम और आश्रम के अंतेवासियों के परिचय में कहा था : 'हम हिंसा नहीं करते हैं, हम मादक द्रव्यों का उपयोग नहीं करते हैं, हम परिग्रह नहीं करते हैं।' इसी स्वर में उसने और बहुत सी बातें बताई थी, जो कि साधु नहीं करते थे। वह अतिथि देर तक यह

सब सुनता रहा था, और अन्त में उसने पूछा था : 'मैं यह तो समझ गया कि आप क्या नहीं करते हैं, अब कृपया यह और बतावें कि आप करते क्या हैं?'

निश्चय ही, यही मैं भी पूंछना चाहता हूँ, 'न करने' और 'करने' के इस बहुमूल्य भेद की मैं भी याद दिलाना चाहता हूँ।

अहिंसा को, या उस दृष्टि से धर्म को ही जिसने 'न करने' की भाषा में समझा और पकड़ा है, वह बहुत आधारभूत भूल में पड़ गया है। श्वीत्जर ने जिसे जीवन निषेध कहा है, वही उसकी चर्या हो जाती है। जीवन सिद्धि के लक्ष्य से उसके सम्बन्ध सूत्र विच्छिन्न हो जाते हैं। वह उपलब्धि के आरोहण को खो देता है, और केवल खोने और न होने में लग जाता है। और, सबसे बड़ा तो आश्चर्य यह है कि खोने की इस सतत चेष्टा और आग्रह के बावजूद भी जिन्हें वह खोना चाहता है, उन्हें नहीं खो पाता है। संघर्ष से जिन्हें वह दूर करता है, वे किसी रहस्यमय ढंग से उसके निकट ही बने रहते हैं। वह विश्राम भी नहीं कर पाता है, कि पाता है कि जिन्हें वह दूर छोड़ आया था, वे सब पुनः वापिस लौट आये हैं। जिन्हें वह दमन करता है, वे वेग न मालुम क्यों और वेग पकड़ते प्रतीत होते हैं। जिन वासनाओं से वह युद्धरत है, जिनके सिरों को वह धड़ों से अलगकर फेंक देता है, वह अवाक रह जाता है कि वे सब पुनः पुनः हजार-हजार

सिर रखकर फिर उसे घेर कर कैसे खड़ी हो जाती हैं?

हिंसा, क्रोध या काम कोई भी केवल दमन से विलीन नहीं होता है। नकार और विरोध मात्र से ये वेग समाप्त नहीं होते हैं। उस भांति वे और सूक्ष्म होकर चित्त की और भी गहरी पर्तों पर सक्रिय हो जाते हैं। फ्रायड ने जिसे अचेतन मन कहा है, वही दमन से उनका कार्यक्षेत्र बन जाता है। इस दमन और विरोध की दिशा से चलकर व्यक्ति विमुक्त तो नहीं, विक्षिप्त अवश्य हो जाता है।

वस्तुतः जीवनानुभूतियों के जगत् में निषेध के मार्ग से न कभी कुछ पाया गया, न कभी कुछ पाया जा सकता है, न कभी कुछ छोड़ा गया है, न कभी छोड़ा जा सकता है। वह दिशा ही पाने और छोड़ने की नहीं है। असल में सब छोड़ने के पूर्व पाना होता है। श्रेष्ठ का मिलना ही अश्रेष्ठ का छूटना बनता है। हीरों के मिलने पर कंकड़ों पर मुट्ठी खोलनी नहीं पड़ती है, वह खुल जाती है।

मैं समस्त त्याग को इसी रूप में देख पाता हूँ। वह श्रेष्ठ की उपलब्धि पर उसके लिये स्थान बनाने से ज्यादा नहीं है। वह ज्ञान का अग्रगामी नहीं, अनुगामी है। जैसे गाड़ी के पीछे उसके चाकों के निशान बिना बनाये बनते जाते हैं, ऐसा ही आगमन उसका भी होता है। वह ज्ञान की सहज छाया है।

मैं हिंसा को, अधर्म को, अज्ञान को नकारात्मक कहता हूँ, वैसे ही जैसे अंधेरा नकारात्मक है। अंधेरे की अपनी कोई सत्ता नहीं है, उसका कोई स्व-अस्तित्व नहीं है। वह सत्ता नहीं अभाव है। वह स्वयं का होना नहीं, प्रकाश का न होना है। वह प्रकाश की अनुपस्थिति है। यदि इस कक्षा में अंधेरा व्याप्त हो और हम उसे दूर करना चाहते हों, तो क्या करना होगा? क्या उसे संघर्ष से, धक्के देकर बाहर किया जा सकता है? क्या अंधेरे से किये गये सीधे युद्ध के परिणाम में उसकी मृत्यु हो सकती है? मित्र, यह कभी नहीं होगा, उस मार्ग से चलने पर अंधेरा तो नहीं, मिटाने वाले अवश्य मिट सकते हैं। अंधेरे को मिटाने का उपाय, अंधेरे को मिटाना नहीं, प्रकाश को जलाना है। जिसकी अपनी स्व-सत्ता नहीं, उसे निषेध से मिटाना असंभव है। अभाव को न तो लाया जा सकता है, न हटाया जा सकता है। अंधेरे को कहीं ले जाना भी संभव नहीं है। सत्ता ही लाई और सत्ता ही हटाई जा सकती है। अभाव के साथ सीधी कोई भी क्रिया नहीं होती है। उसके साथ सब व्यवहार अप्रत्यक्ष होता है। उसके साथ समस्त व्यवहार, उसके माध्यम से होता है, जिसका कि वह अभाव है।

अहिंसा, प्रेम, आनंद, परमात्मा, भावात्मक हैं। उनकी सत्ता है। वे किसी के अभाव, अनुपस्थिति मात्र ही नहीं हैं।

उनका स्वयं में होना है। इसलिये, किसी के अभाव से उनका होना नहीं होता है। यद्यपि उनके अभ्युदय से हिंसा, दुख, अज्ञान आदि अंधेरे की भांति तिरोहित हो जाते हैं। शायद अंधेरा विलीन हो जाता है, यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि वह तो था ही नहीं। वस्तुतः प्रकाशागमन पर इस सत्य का दर्शन होता है, कि वह न तो था, न है।

यह अब कहा जा सकता है कि अहिंसा हिंसा त्याग नहीं, आत्म जागरण है। वह दुख मुक्ति नहीं, आनंद प्रतिष्ठा है वह त्याग नहीं, उपलब्धि है। यद्यपि उसके आविर्भाव से हिंसा विलीन हो जाती है, दुख निरोध हो जाता है और परम त्याग फलित होता है।

अहिंसा को पाना है, तो आत्मा को पाना होगा। अहिंसा उसी साक्षात् का परिणाम है। उसे साधा नहीं जा सकता है। कृष्णमूर्ति ने पूछा है: क्या प्रेम भी साधा जा सकता है? और उस प्रश्न में ही उत्तर भी दे दिया है। निश्चय ही साधा हुआ प्रेम, प्रेम नहीं हो सकता है। वह या तो होता है, या नहीं होता है। कोई तीसरा विकल्प नहीं है। वह सहज प्रवाहित हो तो ठीक, अन्यथा वह अभिनय और मिथ्या प्रदर्शन है। साधी हुई अहिंसा, अहिंसा नहीं, अभिनय है। विचार और चेष्टा से जो आरोपित है, वह मिथ्या है। सम्यक अहिंसा प्रज्ञा से प्रवाहित होती है, वैसे ही जैसे अग्नि

से उत्ताप बहता है। आरोपण से आचरण में जो दीखता है, वह अंतस् में नहीं होता है, नहीं हो सकता है। आचरण और अंतस् की विपरीतता एक सतत अंतद्र्वन्द बन जाता है। जिसे जीता है। उसे बार बार जीतना पडता है। पर जीत कभी पूरी नहीं होती है। वह हो भी नहीं सकती है। वस्तुतः परिधि कभी केन्द्र को नहीं जीत सकती है, आचरण कभी अंतस् को नहीं जीत सकता है। परिवर्तन का प्रवाह विपरीत होता है। वह परिधि से केन्द्र की ओर नहीं, केंद्र से परिधि की ओर होता है। अंतस क्रांति से गुजरता है और आचरण में परिवर्तन होता है। चेष्टा से लाया हुआ आचरण कभी भी सहज नहीं हो सकता है। वह आदत से ज्यादा नहीं है। मूल्य भी उसका उससे ज्यादा नहीं है। वह स्वभाव तो कभी बन ही नहीं सकता है। आदत कभी भी स्वभाव नहीं है। स्वभाव है ही वह, जिसे बनाने का कोई प्रश्न नहीं है। आदत सृष्ट है, स्वभाव असृष्ट है। एक को निर्माण और एक को अनावरण करना होता है।

मित्र, स्वभाव की उत्पत्ति नहीं होती, वह तो है, केवल उसे जानना है। केवल उसे उघाडना है। जैसे कोई सोता हो और उसे उठाना पडे, ऐसा ही उसके साथ भी करना होता है।

मैं एक कुआं खुदता देखता था, तब मुझे स्मरण आया था कि स्वभाव को भी ऐसे ही खोदना होता है। जलस्रोत तो मौजूद थे, पर आवृत्त थे। वे बहने और फूट पडने को भी

उत्सुक थे, पर अवरुद्ध थे और जब अवरोध देने वाली मिट्टी की पर्तें दूर हो गई थीं। तो वे कैसे स्फुरित हो उठे थे। स्वभाव के साथ भी कुछ ऐसा ही है। बहने, विकसित और पुष्पित होने की वहां भी चिरप्रतीक्षा है। थोडा सा खोदना है, और जीवन एक बिल्कुल नये आयाम पर गतिमय हो जाता है। कल तक जो साधकर भी साध्य नहीं था, वह सहज हो जाता है। कल तक जो छोडे छोडे भी नहीं छूटता था, वह अब खोजकर भी मिलता नहीं है। जीवन आयाम बदलने का इस किमिया को जानना ही धर्म है। अलकेमिस्ट इसकी ही खोज में थे। वे एक ऐसे रसायन की तलाश में थे, जिससे 'लोहा' 'स्वर्ण' में बदल सके। जीवन जैसा पाया जाता है, वह लोहा है, जीवन जैसा हो सकता है, वह स्वर्ण है।

और, यदि बहुत ठीक से देखें, तो लोहा केवल आवरण है, वस्त्र है, स्वर्ण नित्य भीतर उपस्थित है।

सद् आचार, अहिंसा स्वभाव का उद्घाटन है, स्वरूप अनावरण है। महावीर ने उसे इसी अर्थ में लिया है। जो स्वयं में स्थित है, वही अहिंसा को उपलब्ध है। जो आचार केवल आचरण है, स्वभाव की सहज स्फुरणा नहीं, वह ब्रह्म में नहीं और गहन् अहम् में ले जाता है। उससे अहंकार और परिपुष्ट होता है। वह दिशा से भी भरता और बलिष्ट होता है। तथाकथित साधु और संन्यासी में जो प्रगाढ दम्भ परिलक्षित

होता है, वह अनायास ही नहीं है। उसके मूल में अतिचेष्टा से आरोपित आचरण और प्रयत्न साध्य चरित्र है। यह कमाया हुआ चरित्र वैसे ही अहंकार पूर्ति का साधन बन जाता है। जैसे कमाया हुआ धन बन जाता है। चरित्र भी परिग्रह और संपत्ति का रूप ले लेता है। असल में जो भी कमाया और अर्जित किया जाता है, वह 'मैं' को भरता है, क्योंकि अर्जन उसकी ही विजय का रूप ले लेता है। कैसा आश्चर्य है कि अर्जित त्याग भी परिग्रह हो जाता है और अर्जित विनय में भी अहंकार उपस्थित होता है? क्या तथाकथित विनय में झुके सिर के पीछे अक्सर दम्भ में उठे सिर के दर्शन नहीं हो जाते हैं?

एक बार एक साधु से मिलना हुआ था. उन्होंने मुझसे कहा था: मैंने लाखों की संपत्ति पर लात मार दी है। मैं निश्चय ही सुनकर हैरान हो गया था। फिर, उनसे पूछा था: 'यह लात आपने कब मारी?' वे बहुत गौरव से बोले थे: 'कोई ३० वर्ष हुये।' उनसे मिलकर लौटते समय में मैं राह में सोचता आया था कि जो त्याग किया गया हो, वह अहंकार के बाहर नहीं ले जाता है। एक दिन वे इस अहंकार से भरे रहे होंगे कि उनके पास लाखों हैं आज वे इससे भरे हैं, कि उनने लाखों पर लात मार दी है।

त्याग आये तो सम्यक्, किया जावे तो असम्यक् हो जाता है। और यह धर्म की समस्त साधना के सम्बन्ध में सत्य

है। अहंकार के मार्ग बहुत सूक्ष्म हैं। वह बहुत रहस्यमय है और उन जगहों पर भी वह उपस्थित हो जाता है, जहां उसके होने की कल्पना नहीं होती है और जहां ऊपर से उसके दर्शन बिल्कुल भी नहीं होते हैं। उसके स्थूल रूप तो दिखाई पड़ते हैं, इसलिये वे उतने घातक भी नहीं हैं। पर सूक्ष्म रूप बहुत घातक हैं, क्योंकि वे साधारणतः दिखाई नहीं पड़ते हैं। इसलिये उनसे बहुत आत्मवंचना होती है। "धार्मिक, त्यागी, ज्ञानी, अहिंसक आदि होने का अहंकार वैसा ही है।"

नीति अध्यात्म की स्फुरणा है। और जो तथाकथित आरोपित नैतिकता के अहंकार से परितृप्त हो जाते हैं, वे उस अलौकिक अध्यात्म स्फुरणा जन्य नीति से वंचित रह जाते हैं, जहां अहंकार की छाया भी प्रवेश नहीं कर पाती है। सूर्य के प्रकाश में जैसे ओस कण विलीन हो जाते हैं, ऐसे ही आत्मानुभूति के प्रकाश में अहंकार वाष्पीभूत हो जाता है। वह अज्ञान और अंधकार की प्रवासी है। उसके प्राण, श्वांस, प्रश्वांस उसी से निर्मित हैं। अज्ञान के अभाव में उसका जीवन संभव नहीं है।

"अज्ञान अहंकार है। ज्ञान अहंकार मुक्ति है। अज्ञान आचरण अहंचर्य है। ज्ञान आचरण-ब्रह्मचर्य है। अहंचर्य हिंसा है। ब्रह्मचर्य अहिंसा है।"

'मैं' भाव हिंसा में ले जाता है। वह भाव आक्रमक है।

समस्त हिंसा उसके ही केन्द्र पर आवर्तित होती है। अज्ञान में सत्ता पर 'मैं' आरोपित हो जाता है। आत्मा मैं में पतित हो जाती है। वह जो वस्तुतः नहीं है, उसकी प्रतीति होने लगती है। यह 'मैं' विश्वसत्ता से प्रथक और विरोध में खड़ा हो जाता है। फिर उसे प्रतिक्षण स्वरक्षा में संलग्न होना पड़ता है। मिटने का एक सतत भय उसे घेरे रहता है। एक असुरक्षा चौबीस घंटे उसके साथ बनी रहती है। वह कागज की नाव है, और किसी भी क्षण उसका डूबना हो सकता है। वह ताशों का घर है, और हवा का कोई भी झोंका उसे नष्ट कर सकता है। यह भय हिंसा का जन्म है। हिन्सा अपने मूल मानसिक रूप में भय ही है। यह भय आत्मरक्षा से आक्रमण तक विकसित हो सकता है। वस्तुतः तो आक्रमण भी आत्मरक्षण का ही रूप है। शायद, मेकयावेली ने कहा है : कि आक्रमण आत्मरक्षा का सर्वोत्तम उपाय है। भय यदि आत्मरक्षण तक ही सीमित रहे तो अंततः कायरता पैदा हो जाती है। वही भय आक्रमक होकर वीरता जैसा दिखाई पड़ता है। पर कायरता हो या तथाकथित वीरता, भय दोनों में ही उपस्थित रहता है, और वही दोनों का चालक है। "जिनके हाथ में तलवार दिखाई देती है, वे, और वे भी जो पूंछ दबाकर कहीं छिप रहते हैं, दोनों ही, भय से संचालित हैं।"

यह जानना आवश्यक है कि भय क्या है, क्योंकि जो

भयग्रस्त हैं, कभी अहिन्सक नहीं हो सकते हैं। और, यदि भयग्रस्त व्यक्ति अहिन्सक होने की चेष्टा करे तो वह केवल कायर हो पाता है, अहिंसक नहीं। इतिहास और अनुभव इसके बहुल और सबल प्रमाण देता है। अहिंसा का आधार अभय है। अभय के अभाव में अहिंसाका संभव नहीं है। महावीर और बुद्ध ने अभय को अहिंसा की अनिवार्य शर्त माना है।

मैं देखता हूं कि मनुष्य की संपूर्ण चेतना ही भय से घिरी और बनी है। उसके सन के किसी तल पर वह सदा ही मौजूद है। यह भय, चाहे उसके प्रगटन के रूप कोई भी हों, मूलतः मृत्यु का भय है। जीवन भर मृत्यु घेरे रहती है। वह प्रतिक्षण आसन्न है। किसी भी घडी और किसी भी दिशा से उसका आगमन हो सकता है। कभी भी संभावित इस मृत्यु से भय स्वाभाविक ही है। एक तो वह एकदम अपरिचित है, और दूसरे मनुष्य उसके सामने पूर्ण विवश है। अपरिचित और अनजान से भय मालुम होता है। जीवन असह्य हो, तब भी कम से कम परिचित तो है। मृत्यु अज्ञात में ले जाती है। यह अज्ञात भय देता है। फिर, उसपर हमारा कोई वश नहीं है। हम उसके साथ कुछ कर नहीं सकते हैं। यह विवशता हमारे अहंकार को आमूल खंडित कर देती है। जिस अहंकार के पोषण को हमने जीवन समझा था, वह टूटता और नष्ट होता

दीखता है। वही तो हमारा होना था, वही तो हम थे, और इससे मृत्यु जीवन का अंत मालुम होती है। हम क्या हैं? शरीर और चित्त, और उन दोनों के जोड़ से फलित अहंकार, लेकिन मृत्यु की लपटें तो उन्हें राख करती हुई मालुम होती हैं। उनके पार और अतीत कुछ भी तो शेष बचता नहीं दीखता है? फिर, मनुष्य कैसे भयभीत न हो? वह कैसे अपने को सांत्वना दे? ऐसी स्थिति में भय स्वाभाविक है; और इस भय से बचाव के लिये व्यक्ति कुछ भी करने को तैयार हो जाता है। इस भय से ही हिंसा के अनेक रूपों की उत्पत्ति होती है। इसलिये, मैं कहता हूँ कि भय ही हिंसा है; और अभय अहिंसा है। हिंसा से मुक्त होने के लिए भय से मुक्त होना होता है। भय से मुक्त होने के लिये मृत्यु से मुक्त होना होता है। मृत्यु से मुक्त होने के लिये स्वयं को जानना होता है।

"मैं पर को जानता हूं, स्व को नहीं जानता हूं।" यह कैसा आश्चर्यजनक है? क्या उससे भी ज्यादा आश्चर्य की कोई और बात हो सकती है?

यह कैसा रहस्यपूर्ण है कि मैं बाहर से परिचित और अंत: से अपरिचित हूं?

यह आत्म अज्ञान ही जीवन के समस्त दुख, अनाचार और अमुक्ति का कारण है।

ज्ञान की शक्ति तो मुझ में है, अन्यथा मैं पर को, बाहर को भी कैसे जानता? वह तो अविच्छिन्न मुझ में उपस्थित है। मैं जागता हूं, तो वह हैं। मैं सोता हूं, तो वह है। मैं स्वप्न में हूं, तो वह है। मैं स्वप्नशून्य सुषुप्ति में हूं, तो वह है। मैं जागने को, निद्रा को, स्वप्न को, सुषुप्ति को जानता हूं। मैं उनका द्दष्टा हूं। उनका ज्ञान हूं। मैं ज्ञान हूं, क्योंकि जो मुझमें है अविच्छिन्न है, वह मेरा स्वरुप ही है। ज्ञान के अतिरिक्त मुझमे कुछ भी अविच्छिन्न नहीं है वस्तुत: मैं ज्ञान से प्रथक नहीं हूं। मै ज्ञान ही हूं। यह ज्ञान ही मेरी सत्ता, मेरी आत्मा है।

मैं ज्ञान हुं इसलिये पर को जान रहा हू। मैं ज्ञान हू, इसलिये स्व को जान सकता हू।

यह बोध भी है कि मैं अपने को नहीं जानता हूं, स्व ज्ञान की ओर बहुत बडा चरण है।

मैं पर को देख रहा हूं, इसलिये पर को जान रहा हूं। यदि पर को न देखूं, यदि पर चैतन्य के सामने से अनुपस्थित हो, तो जो शेष रहेगा, वही स्व है।

स्व को 'देखा' तो नहीं जा सकता है। स्व को देखना पर को देखना है। स्व तो द्दष्टा है। वह तो देखने वाला है। वह द्दश्य में परिणित नहीं हो सकता है। इसलिये स्व भी नहीं दीखता है, कोई भी द्दश्य नहीं हैं, तब जो है वही मैं हूं।

शुद्ध चैतन्य का अनुभव आत्मानुभव है।

मैं पर से घिरा हूं, इसलिये पूछूंगा कि आत्मानुभव के लिये पर को अनुपस्थित कैसे करूं? वह तो सदा घेरे हुये है।

पर, पर तो आंख बंद करते ही अनुपस्थित हो जाता है इसलिये वह कोई समस्या नहीं है।

विचार है वास्तविक समस्या पर के जो प्रतिबिम्ब जो प्रतिफलन चित्त पर छूट जाते हैं, और हमें घेरे रहते हैं, वे ही समस्या हैं। उनको ही जानते रहने से हम उसे नहीं जान पाते हैं। जो कि उनको भी जान रहा है. विचार के कारण चेतना नहीं ज्ञात हो पाती है। विचार प्रवाह का जो साक्षी है, उसमें जागना है। साक्षी में जागना है और साक्षी को जगाना है। यही ध्यान है।

विचार के अमूर्च्छित दर्शन से, सम्यक जागरण से विचार प्रवाह के प्रति क्रमशः विचार प्रवाह में जो अंतराल हैं, उनका अनुभव होता है। वे रिक्त स्थान क्रमशः बडे होते जाते है। विचार को मात्र देखने भर से, केवल उसका द्रष्टा बनने से, बिना किसी दमन और संघर्ष के, वह विसर्जित होता है। विचार प्रवाह का दर्शन, विचार शून्यता पर और विचार के अतीत ले जाता है।

विचार का शून्य हो जाना ध्यान है। विचार शून्यता में सच्चिदानंद का अनुभव समाधि है। समाधि सत्य दर्शन है।

समाधि की अनुभूति सत्य है। समाधि का व्यवहार अहिंसा है।

समाधि में दीखता है कि जो है, अमृत है। मृत्यु का भ्रम विसर्जित हो जाता है। मृत्यु के साथ भय चला जाता है, और अभय उत्पन्न होता है।

अभय से अहिंसा प्रवाहित होती है।

समाधि में स्व से पहुंचा जाता है, पर उसमें पहुंचकर आत्म और अनात्म विलीन हो जाते हैं। वह भेद विचार का था। समाधि, भेद और द्वैत के अतीत है। वह अद्वय और अद्वैत है। जैसे बाती दिये के तेल को जलाकर स्वयं भी जल जाती है, वैसे ही स्व भी पर से मुक्त करके स्वयं से भी मुक्त कर जाता है। मैं की मुक्ति, मैं से भी मुक्त है।

समाधि ब्रह्म साक्षात है ब्रम्हानुभूति से ब्रम्हचर्य स्पंदित होता है। ब्रम्हचर्य का केन्द्र सत्य और परिधि अहिंसा है। समाधि में सत्य के फूल लगते और अहिंसा की सुगन्ध फैलती है।

जीवन जागृति केन्द्र बम्बई द्वारा प्रकाशित
आचार्य श्री रजनीश-साहित्य

हिन्दी साहित्य

१–साधनापथ	मू.	रुपया	२–००
२–क्रांतिबीज	–	"	२–००
३–सिंहनाद	–	"	१–२५
४–अमृतकण	–	"	०–४०

गुजराती साहित्य

१–साधनापथ	–	"	२–००
२–क्रांतिबीज	–	"	२–००
३–सिंहनाद	–	"	१–००
४–अहिंसादर्शन	–	"	००–३५
५–अमृतकण	–	"	००–४०

मराठी साहित्य

१–साधनापथ	–	"	३–००
२–सिंहनाद	–	"	२–००
३–अमृतकण	–	"	००–४०

अंग्रेजी साहित्य

१–पाथ ऑफ सेल्फ रीयालीझेशन	–	"	२–२५

साधना के जीवन में अभय (Fearlessness) पहली शर्त है। जो उसका साहस नहीं कर सकता है, वह अपने भीतर भी नहीं जा सकता है। अंधेरी रातों में, अंधेरे और अनजान और बीहड रास्तों पर अकेले जाने में जिस साहस (Courage) की जरूरत है, उससे भी कहीं ज्यादा साहस स्वयं के भीतर जाने के लिये करना होता है, क्योंकि इस प्रवेश से स्वयं के सम्बन्बध में ही खडे किये हुये मधुर स्वप्न टूटते हैं, और ऐसी कुरुपताओं और घिनौने पापों का साक्षात करना होता है, जिनकी कि हमने स्वयं से बिलकुल निवृत्ति ही मानली थी।

–आचार्य श्री रजनीश

अपने सारे वस्त्रों को अलग करके देखो
कि आप क्या हो ? अपने सारे सिद्धांतों
को दूर रखके देखो कि आप क्या हो ?

रेत से मुँह बाहर निकालो और देखो....वह आँखका खोलना ही....उस भाँति देखना ही, एक परिवर्तन है....एक नये जीवन की शुरुआत है। आँख खुलते ही एक बदलाहट शुरू हो जाती है, और उसके बाद ही जो हम करते हैं वह सत्य तक ले जाता है।

अंधकार की परतों को उघाडकर प्रकाश तक चलना है, पाप की परतों को उघाडकर प्रभु तक चलना है, अज्ञान के विनाश से आत्मा को उपलब्ध करना है। साधना का यही सम्यक् पथ है। और उसके पूर्व स्वप्न नहीं देखने हैं....आत्मा और परमात्मा के स्वप्न नहीं देखने हैं....सच्चिदानंद ब्रह्म स्वरूप के स्वप्न नहीं देखने हैं....वे सब शुतुरमुर्ग के रेत में मुँह छिपाने के उपाय हैं....वह पुरुषार्थ का मार्ग नहीं, पुरुषार्थहीनों की मिथ्या तृप्ति है।

–आचार्य श्री रजनीश